पूर्व वार्षिक परीक्षा 2019-20

कक्षा – सातवीं विषय-हिंदी पूर्णांँक-80

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं- ‘क’, ‘ख’, ‘ग’ और ‘घ’।
2. सभी खंड अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिये।
4. उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न पत्र में दी गई है।

**खंड- ‘क’**

प्र०1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

मानव- जीवन में अच्छी स्वास्थ्य का महत्व असंदिग्ध है; क्योंकि मनुष्य जितने प्रकार के भी कर्तव्यों का पालन करता है, उनका आधार शरीर है। स्वस्थ शरीर वाला व्यक्ति ही इस संसार में सभी प्रकार के सुखों का वह भोग कर सकता है। जिसका शरीर ही रुग्ण, दुर्बल या अशक्त है उसका आत्मविश्वास नष्ट हो जाता है। वह सदा खिन्न, उदास और बुझा-बुझा सा रहता है। पग- पग पर उसे निराशा और असफलता का सामना करना पड़ता है। इसीलिए कहा गया है- 'पहला सुख निरोगी काया'। काया को निरोगी तथा स्वस्थ बनाने में खेल -कूद का बहुत महत्व है। खेलकूद से शरीर तो स्वस्थ होता ही है, मानसिक थकावट भी दूर होती है, शरीर में रक्त का संचार बढ़ जाता है, स्फूर्ति आ जाती है, शरीर की पाचन शक्ति ठीक रहती है तथा मन उल्लासित रहता है।

1. अच्छे स्वास्थ्य का महत्त्व असंदिग्ध क्यों है? (2)
2. शरीर की रुग्णता और दुर्बलता का व्यक्ति पर क्या प्रभाव पड़ता है? (2)
3. खेलकूद के क्या लाभ होते हैं? (2)
4. 'पहला सुख निरोगी काया' का अर्थ बताइए ? काया को निरोगी तथा स्वस्थ बनाने के लिए क्या करना चाहिए?(2)
5. 'असफलता' शब्द से उपसर्ग और प्रत्यय अलग करके लिखिए? (1)
6. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

प्र०2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

इस समाधि में छिपी हुई है एक राख की ढेरी  
जलकर जिसने स्वतंत्रता की दिव्य आरती फेरी ।  
यह समाधि यह लघु समाधि है झाँसी की रानी की ,  
अंतिम लीला स्थली यही है लक्ष्मी मरदानी की।  
यहीं कहीं पर बिखर गई वह भवन विजय माला- सी  
उस के फूल यहां^ संस्कृत है यह स्मृति शाला-सी। ^MMM  
सहे वार पर वार अंत तक लड़ी वीर बाला- सी  
आहुति - सी गिर चढ़ी चिता पर चमक उठी ज्वाला - सी।

(क) समाधि में क्या छुपा है? (1)

(i) राख का ढेर (ii) रानी लक्ष्मी बाई के अंतिम अवशेष

(iii) मिट्टी (iv) रानी लक्ष्मीबाई की यादें

(ख) जलकर शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है? (1)

(i) भस्म होने के लिए (ii) मृत्यु के लिए

(iii) युद्ध के लिए (iv) प्राणों का बलिदान देने के लिए

(ग) अंतिम लीला स्थली का आशय क्या है ? (1)

(i) वह स्थान जहाँ रानी लक्ष्मीबाई ने अंतिम बार अंग्रेजों से युद्ध किया था

(ii) वह स्थान जहाँ लक्ष्मीबाई का जन्म हुआ था

(iii) वह स्थान जहाँ लक्ष्मी बाई का महल था

(iv) वह स्थान जहाँ लक्ष्मीबाई का पालन पोषण हुआ था

(घ) यह काव्यांश किसके बारे में है? (1)

(i) मदर टेरेसा (ii) सरोजनी नायडू
(iii) रानी लक्ष्मी बाई (iv) अरूणा आसफ अली

( ड.) <u>परतंत्र</u> शब्द का विलोम लिखिए। (1)

(i) आजाद (ii) गुलाम (iii) स्वतंत्र (iv) कैद

**खंड -'ख'**

प्र० 3 (क) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार अथवा अनुनासिक चिह्न लगाइए :- (1)

(अ) बाधा (ब) घटा

(ख) निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता लगाइए:- (1)

(अ) नजर (ब) बर्फ

(ग) उचित स्थान पर विसर्ग चिन्ह का प्रयोग कीजिए:- (1)

(अ) पुन (ब) प्राय

प्र०4 (क) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **<u>एक</u>** की भाववाचक संज्ञा लिखिए:- (1)

(अ) लंबा (ब) दयालु

(ख) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए:- (1)

विशाल हृदय वाला

प्र०5 (क) निम्नलिखित शब्द का विलोम शब्द लिखिए:- (1)

उत्कर्ष

(ख) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए:- (1)

(अ) पट्टी (ब) कठिनाई

(ग) निम्नलिखित शब्द का लिंग बदलिए-

वधू

प्र०6 (क) दिए गए वाक्य में से विशेषण और विशेष्य अलग करके लिखिए:- (1)

गरीब बच्चे रो रहे थे।

(ख) दिए गए शब्द में से उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग करके लिखिए:- (1)

दुर्गुण

(ग) दिए गए शब्द में 'आपा' प्रत्यय लगाकर नया शब्द लिखिए:- (1)

बूढ़ा

प्र०7(क) निम्नलिखित वाक्य में उचित स्थान पर विराम चिन्ह लगाइए:-

दर्शक हँसी से लोटपोट हो रहे थे।

(1)

(ख) नीचे दिए गए वाक्य को मुहावरे की सहायता से पूरा कीजिए:- (1)

एवरेस्ट पर चढ़ना सचमुच ___________है।

प्र० 8 (क) नीचे दिए गए शब्दों में से **किन्हीं दो** के दो- दो पर्यायवाची लिखिए:- (2)

(अ) दैत्य (ब) पक्षी (स) बादल

(ख) नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित क्रिया - विशेषण का भेद लिखिए:- (2)

(अ) श्यामला <u>धीरे - धीरे</u> खाना खा रही थी।

(ब) बच्चे <u>अभी</u> खेल रही है।

प्र ०9 (क) निम्नलिखित वाक्य में से सर्वनाम छाँटकर उसका भेद लिखिए:- (1)

अपना काम स्वयं करना अच्छी आदत है।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया छाँटकर उसका भेद बताइए। (2)

(अ) मोहित खेल रहा है।

(ब) राशि ने संजीव को पत्र लिखा।

**खंड - 'ग'**

प्र०10 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

काले - काले बादल भी,
नभ में चले, दहाड़ के।
आं^धी इतराने लगी ,
लगते ही आषाढ़ के।

सावन की शोभा न्यारी,
हरियाली के ठाठ हैं।
नदी सरोवर छलक रहे,
डूब गए सब घाट हैं।

1. कविता का नाम लिखिए। (1)
2. आषाढ़ के लगते ही मौसम में क्या बदलाव होता है? (1)
3. सावन के महीने में नदी - तालाबों की क्या स्थिति होती है? (1)

प्र०11 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

स्वामीनाथन को अचानक लगा कि उसे इतनी जल्दी बाहर नहीं आना चाहिए था । लेकिन वह हॉल में और कैसे रुक सकता था?तमिल का पेपर पाँच बजे तक चलने वाला था। उसने आखिरी सवाल की आखिरी पंक्ति साढ़े चार बजे तक लिख ली थी। छह प्रश्नों में से पहला प्रश्न उसने संतोषजनक रूप से किया था ,दूसरे के बारे में उसे संदेह था, तीसरा ठीक था और चौथे के बारे में उसे साफ पता था कि वह गलत है।

(क) स्वामीनाथन कहाँ से बाहर चला आया था ? (1)
(ख) तमिल का पेपर कितने बजे तक चलने वाला था ? (1)
(ग) स्वामीनाथन को चौथे प्रश्न के बारे में क्या पता था ? (1)

प्र०12 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर(25-30 शब्दों में) लिखिए:- (2×4=8)
(क) राकेश ने नाटक में स्वयं अभिनय क्यों नहीं किया?
(ख) साँप पर हमला किसने और कैसे किया?
(ग) लेखक ने सज्जन को क्या काम करने के लिए कहा और क्यों?
(घ) तन्मय में दुकानदार का हाथ क्यों पकड़ रखा था ?
(ड़) संसार के सबसे ऊँचे पर्वत शिखर को किस - किस नाम से पुकारा जाता है ?

प्र० 13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के विस्तृत उत्तर (50-60शब्दों में ) लिखिए:- (3×4=12)
(क) राकेश को अपने साथियों के किस बुद्धूपन से डर था?
(ख) लेखक की मोटरसाइकिल कहां^ खराब हो गई थी और उसे किसने ठीक किया ?लेखक ने रात कहाँ बिताई?
(ग) एवरेस्ट पर चढ़कर उन्होंने क्या - क्या देखा?
(घ) बच्चे बाज़ार में किस दुकान पर खड़े होकर क्या देख रहे थे और क्यों?
(ड.)निर्मला ने स्वयं को बचते देख और सयाल को अजगर का शिकार बनते देख क्या सोचा?

प्र०14 'समय का हमारे जीवन में विशेष महत्त्व है' समय कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (4)

अथवा

'ज़रूरत से ज्यादा बोलने के क्या परिणाम हो सकते हैं' बातूनी पाठ के आधार पर बताइए ?

**खंड - 'घ'**

प्र०15 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर (80-100 शब्दों में) अनुच्छेद लिखिए- (5)
(क) यदि मैं शिक्षक होता

- भूमिका
- अनुशासन का ध्यान
- आदर्श नागरिक बनाने की शिक्षा
- उपसंहार

(ख) पर्यावरण संरक्षण

- पर्यावरण का अर्थ

- धरती बचाने के लिए आवश्यक
- पर्यावरण प्रदूषण के खतरे
- पर्यावरण संरक्षण

(ग) स्वतंत्रता दिवस

- राष्ट्रीय पर्व की भूमिका
- कब ,कैसे और क्यों?
- उपसंहार

(घ) परोपकार

- परोपकार का महत्त्व
- सामाजिक जीवन में
- प्रकृति का परोपकारी रूप
- जीवन की सार्थकता परोपकारी होना

प्र० 16 मित्र द्वारा जन्मदिन पर दिए गए उपहार का धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए । (5)

अथवा

अपने छोटे भाई को प्रात: काल की सैर का महत्त्व बताते हुए पत्र लिखिए।

प्र०17 हिंदी विभाग की अध्यक्षा होने के नाते विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओं को वाद- विवाद प्रतियोगिता के आयोजन की सूचना दीजिए।

(5)